श्री सुनील कुमार सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0-1/212/826 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, लधु जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड में ग्राम चुल्हन विगहा के समीप जलवार नदी में छिलका का निर्माण करीब चार वर्षों से हो रहा है जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, (ख) क्या यह सही है कि छिलका के समीप से निकलने वाली पईन की खुदाई नहीं होने से लगभग एक लाख किसानों के सामने सिंचाई की समस्या है, (ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पईन की खुदाई कार्य पूर्ण नहीं कराने वाले पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुए छिलका का निर्माण एवं पईन की खुदाई कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड के ग्राम चुल्हन बिगहा के समीप जलवार नदी पर टाल विकास योजना के ग्रुप सं०-07 के तहत वियर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है । स्थलीय स्थिति के अनुरूप योजनान्तर्गत विभिन्न संरचनाओं के रूपांकण एवं आलेख्य में परिवर्तन एवं संरचना निर्माण हेतु विभिन्न स्थलों पर प्रस्तावित भू-अर्जन के कारण कार्य में विलंब हुआ है । इस कार्य को 30.06.2026 तक पूर्ण करने का कार्यक्रम है। लघु जल संसाधन विभाग से प्राप्त खंड (ख) का उत्तर प्रतिवेदन:- चुल्हन बिगहा से होकर ब्रहमणगावा गॉव तक पईन की खुदाई हेतु सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।

५

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–01–03/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान परिषद सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1/212/826 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–01–03/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–01–03/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, बाढ़ (मो0), जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–01–03/2026 1557 पटना/दिनांक :19/3/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव